# राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी 2013

## सिंहावलोकन

### 1. प्रकाशन

**1.01** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय का केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) समग्र रूप से अर्थव्यवस्था के लिए और साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के बारे में वर्तमान तथा स्थिर (2004-05) मूल्य दोनों पर राष्ट्रीय लेखा समुच्चयों (अर्थात घरेलू उत्पाद, उपभोग व्यय, पूंजी निर्माण, बचत और पूंजी स्टॉक आदि) के अनुमान नियमित तौर पर संकलित करता है और इन्हें *राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी (एनएएस)* नामक वार्षिक पत्रिका में प्रकाशित करता है । सीएसओ पूर्ववर्ती वर्ष के मार्च में समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए राष्ट्रीय लेखाओं के समुच्चयों के पहले संशोधित अनुमान प्रत्येक वर्ष जनवरी में जारी करता है । 10 माह के समय अंतराल से जारी किए जाने वाले ये अनुमान, कृषि उत्पादन, औद्योगिक उत्पादन, सरकारी व्यय के बारे में उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों तथा रेलवे, संचार, गैर-सरकारी वाणिज्यिक उपक्रमों आदि के बारे में प्राप्त ताजा/आंशिक आंकड़ों पर आधारित होते हैं । पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के प्रथम संशोधित अनुमान जारी करने के साथ ही विभिन्न स्रोत एजेंसियों से प्राप्त विस्तृत तथा और अधिक व्यापक आंकड़ों का उपयोग करके पिछले कुछ वित्तीय वर्षों के अनुमानों में संशोधन भी किया जाता है ।

**1.02** प्रथम संशोधित अनुमान और इनके पुनरीक्षण के अलावा, सीएसओ वर्ष समाप्त होने से लगभग दो माह पहले, मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए प्रमुख बृहद-आर्थिक समुच्चयों के अनुमान भी संकलित करता है और इन्हें "अग्रिम" अनुमानों के तौर पर जारी करता है । इन जारी "अग्रिम" अनुमानों में वर्तमान तथा स्थिर मूल्य दोनों पर सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई), निवल राष्ट्रीय आय (एनएनआई), कारक लागत पर उद्योग-वार सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), निवल घरेलू उत्पाद (एनडीपी) और प्रति व्यक्ति आय में [कारक लागत पर प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय (रुपयों में)] के अनुमान निहित होते हैं । इन अनुमानों में बाद में यानि दो माह के अंतराल से उस समय तक प्राप्त नवीनतम आंकड़ों का उपयोग करके संशोधन किया जाता है और इन्हें "अनंतिम अनुमानों" के रूप में मई के अंतिम कार्य दिवस को जारी किया जाता है ।

**1.03** राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी (एनएएस) 2013 के वर्तमान अंक में वर्ष 2011-12 के लिए बृहद-आर्थिक समुच्चयों के प्रथम संशोधित अनुमान शामिल हैं । 7 फरवरी, 2013 को जारी, वर्ष 2012-13 में राष्ट्रीय आय के अग्रिम अनुमान तथा वर्ष 2004-05 से 2012-13 तक के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के तिमाही अनुमानों को भी इस अंक में शामिल किया गया है । यह प्रकाशन पाँच भागों में है । प्रत्येक भाग में निहित विषय-सामग्री का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:

*भाग-I:* *<u>बृहद-आर्थिक समुच्चय</u>* इस भाग में स्थिर (2004-05) मूल्यों तथा बाजार मूल्यों पर कारक लागत के अनुसार जीडीपी, एनडीपी, जीएनआई और एनएनआई नियत पूंजी का उपभोग (सीएफसी), निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई), सरकारी अंतिम उपभोग व्यय (जीएफसीई), आयात और निर्यात, पूंजी निर्माण तथा बचत जैसे बृहद-आर्थिक समुच्चयों की संक्षिप्त विवरणियां

दी गई हैं । इस भाग में राष्ट्र के समेकित लेखे और सार्वजनिक क्षेत्र के निष्पादन को भी शामिल किया गया है ।

*भाग-II:* *घरेलू उत्पाद* एनएएस के इस भाग में स्रोत उद्योग-वार यानि इनके आर्थिक कार्यकलापों के अनुसार जीडीपी और एनडीपी संबंधी विवरणियां प्रस्तुत की गई हैं और साथ ही इनका प्रतिशत वितरण और वृद्धि दर दर्शायी गई है ।

*भाग-III:* *उपभोग, बचत और पूंजी निर्माण* इस भाग में निजी अंतिम उपभोग व्यय, बचत और पूंजी निर्माण के अनुमान प्रस्तुत किए गए हैं । पीएफसीई अनुमान 38 जिंस समूहों के लिए प्रस्तुत किए गए हैं, जबकि घरेलू बचत के अनुमान संस्थानों के प्रकार यानि सार्वजनिक, निजी करपोरेट एवं पारिवारिक क्षेत्र के अनुसार प्रस्तुत किए गए हैं । पूंजी निर्माण (नियत पूंजी निर्माण तथा स्टॉक में परिवर्तन सहित) के अनुमान परिसम्पत्तियों के प्रकार यानि निर्माण तथा मशीनरी और उपकरण के अनुसार, संस्थानों के प्रकार और 'उपयोग उद्योग' के प्रकार के अनुसार दिये गये हैं ।

*भाग-IV:* *सार्वजनिक क्षेत्र के लेन-देन* इस भाग में जीडीपी तथा एनडीपी जैसे समुच्चयों के सार्वजनिक क्षेत्र के घटकों ( संस्थानों के प्रकार और आर्थिक कार्यकलापों के अनुसार), प्रयोजन के अनुसार जीएफसीई, बचत तथा पूंजी निर्माण (संस्थानों के प्रकार और उपयोग उद्योग के अनुसार) का विवरण दिया गया है । दरअसल, इस भाग में त्रि-स्तरीय वर्गीकरण के अनुसार नामतः कारक आय के अनुसार, आर्थिक कार्यकलापों के अनुसार और संस्थानों के प्रकार के अनुसार आर्थिक लेखाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया है । केंद्र सरकार-वार, राज्य सरकार-वार और स्थानीय प्राधिकार-वार प्रशासनिक विभागों का अंतिम उपभोग व्यय भी इस भाग में दिया गया है । इसमें कर्मचारियों की प्रतिपूर्ति पर हुआ व्यय और वस्तुओं तथा सेवाओं की खरीद पर हुआ व्यय अलग-अलग दर्शाया गया है । आर्थिक और प्रयोजन वर्गीकरण के अनुसार भी प्रशासनिक विभागों के व्यय का ब्योरा दिया गया है ।

*भाग-V:* *असमाहारित विवरणियां* इस भाग में फसल/मद/श्रेणी स्तर पर विस्तृत असमाहारित विवरणियां प्रस्तुत की गई हैं । असमाहारित आंकड़ों का स्वरूप और सीमा सूचना की उपलब्धता और अनुमान तैयार करने की प्रक्रिया की वजह से हर उद्योग के लिए अलग-अलग है । बचत से संबंधित असमाहारित अनुमान वित्तीय परिसम्पत्तियों और पारिवारिक क्षेत्र की देनदारियों की जानकारी देते हैं । परिसम्पत्तियों के प्रकार और संस्थानों के प्रकार के अनुसार पूंजी निर्माण के अनुमान तथा बाह्य लेन-देन लेखे भी इस भाग में प्रस्तुत किए गये हैं ।

**1.04** इस प्रकाशन में एक अतिरिक्त खण्ड भी जोड़ा गया है जिसमें बृहद आर्थिक समुच्चयों और आबादी की पृष्ठ श्रृंखला, खाता बहियों में दी गई जानकारी के अनुसार अवमूल्यन, प्रतिफल का मूल्य और पशुधन क्षेत्र से मूल्य वर्धन, राष्ट्रीय आय, 2012-13 के अग्रिम अनुमान तथा जीडीपी के त्रैमासिक अनुमान जैसे उपयोगी विशेष विवरण दिये गये है ।

## 2. अर्थव्यवस्था

### सकल घरेलू उत्पाद और राष्ट्रीय आय

**2.01** 2012-13 के लिए अग्रिम अनुमान के अनुसार स्थिर (2004-2005) मूल्यों पर कारक लागत के आधार पर जीडीपी 55.0 लाख करोड़ रुपये है, जबकि 2011-12 के लिए प्रथम संशोधित अनुमान में यह 52.4 लाख करोड़ रुपये था, इस प्रकार 2012-13 के दौरान जीडीपी में 5.0 प्रतिशत की वृद्धि के संकेत मिलते हैं । वर्तमान मूल्यों पर कारक लागत के आधार पर जीडीपी के 2012-13 के लिए अग्रिम अनुमान में यह 94.6 लाख करोड़ रुपये आंकी गयी है, जबकि 2011-12 के लिए प्रथम संशोधित अनुमान में यह 83.5 लाख करोड़ रुपये था, जो वर्ष के दौरान जीडीपी में 13.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है ।

**2.02** 2012-13 के लिए अग्रिम अनुमान के अनुसार स्थिर (2004-2005) मूल्यों पर राष्ट्रीय आय (कारक लागत के आधार पर निवल राष्ट्रीय आय) 47.6 लाख करोड़ रुपये है, जबकि 2011-12 के लिए प्रथम संशोधित अनुमान में यह 45.7 लाख करोड़ रुपये थी, इस प्रकार 2012-13 के दौरान राष्ट्रीय आय में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि के संकेत मिलते हैं । वर्तमान मूल्यों पर 2012-13 के लिए अग्रिम अनुमान में राष्ट्रीय आय 83.7 लाख करोड़ रुपये आंकी गयी है, जबकि 2011-12 के लिए प्रथम संशोधित अनुमान में यह 74.0 लाख करोड़ रुपये थी, जो वर्ष के दौरान राष्ट्रीय आय में 13.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है ।

### तालिका 1: कारक लागत पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और कारक लागत पर राष्ट्रीय आय या निवल राष्ट्रीय आय (एनएनआई)

| वर्ष | जीडीपी (रु. करोड़ में) | | एनएनआई (रु. करोड़ में) | | प्रति व्यक्ति एनएनआई (रु.) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वर्तमान मूल्यों पर | 2004-05 मूल्यों पर | वर्तमान मूल्यों पर | 2004-05 मूल्यों पर | वर्तमान मूल्यों पर | 2004-05 मूल्यों पर |
| 2004-05 | 2971464 | 2971464 | 2629198 | 2629198 | 24143 | 24143 |
| 2005-06 | 3390503 | 3253073 | 3000666 | 2877284 | 27131 | 26015 |
| 2006-07 | 3953276 | 3564364 | 3501313 | 3149149 | 31206 | 28067 |
| 2007-08 | 4582086 | 3896636 | 4076878 | 3451829 | 35825 | 30332 |
| 2008-09 | 5303567 | 4158676 | 4705447 | 3664388 | 40775 | 31754 |
| 2009-10 | 6108903 | 4516071 | 5411104 | 3966408 | 46249 | 33901 |
| 2010-11 | 7266967 | 4937006 | 6422359 | 4310195 | 54151 | 36342 |
| 2011-12 (प्रथम संशोधित अनुमान) | 8353495 | 5243582 | 7399934 | 4572075 | 61564 | 38037 |
| 2012-13 (अग्रिम) | 9461979 | 5503476 | 8368571 | 4764819 | 68747 | 39143 |
| **पिछली वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि** | | | | | | |
| 2005-06 | 14.1 | 9.5 | 14.1 | 9.4 | 12.4 | 7.8 |
| 2006-07 | 16.6 | 9.6 | 16.7 | 9.4 | 15.0 | 7.9 |
| 2007-08 | 15.9 | 9.3 | 16.4 | 9.6 | 14.8 | 8.1 |
| 2008-09 | 15.7 | 6.7 | 15.4 | 6.2 | 13.8 | 4.7 |
| 2009-10 | 15.2 | 8.6 | 15.0 | 8.2 | 13.4 | 6.8 |
| 2010-11 | 19.0 | 9.3 | 18.7 | 8.7 | 17.1 | 7.2 |
| 2011-12 (प्रथम संशोधित अनुमान) | 15.0 | 6.2 | 15.2 | 6.1 | 13.7 | 4.7 |
| 2012-13 (अग्रिम) | 13.3 | 5.0 | 13.1 | 4.2 | 11.7 | 2.9 |

**2.03** 2012-13 के लिए अग्रिम अनुमान के अनुसार स्थिर (2004-2005) मूल्यों पर कारक लागत के आधार पर प्रति व्यक्ति वास्तविक आय यानि प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय 39,143 रुपये है, जबकि 2011-12 के लिए प्रथम संशोधित अनुमान में यह 38,037 रुपये थी, इस प्रकार 2012-13 के दौरान प्रति व्यक्ति

वास्तविक आय में 2.9 प्रतिशत की वृद्धि के संकेत मिलते हैं । वर्तमान मूल्यों पर 2012-13 के दौरान प्रति व्यक्ति आय 68,747 रुपये रहने का अनुमान है, जबकि 2011-12 में यह 61,564 रुपये थी जो 11.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है ।




**2.04** अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में जीडीपी में (कारक लागत पर) बदलाव का प्रतिशत तालिका 2 में प्रस्तुत किया गया है । यह देखा जा सकता है कि 2011-12 के दौरान वास्तविक रूप में कृषि क्षेत्र में (3.9%) और वानिकी तथा चिरान (2.4%) में वृद्धि हुई है । 2011-12 के दौरान जीडीपी में 6.2% की वृद्धि दर्ज की गई । इसका करण बैंकिंग तथा बीमा (13.2%), जमीन जायदाद, मकानों और कारोबारी सेवाओं का स्वामित्व (10.3%), भंडारण (9.4%), अन्य साधनों से परिवहन (8.6%), संचार (8.3%), व्यापार, होटल तथा रेस्तरॉ (6.2%), रेलवे (7.5%) और अन्य सेवाएं (6.5%) क्षेत्र में वृद्धि रही ।

## तालिका 2: स्थिर (2004-05) मूल्यों पर अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में जीडीपी में (कारक लागत पर) पिछले वर्षों की तुलना में बदलाव का प्रतिशत

| क्षेत्र | 2008-09 | 2009-10 | 20110-11 | 2011-12 |
|---|---|---|---|---|
| 1. कृषि | -0.3 | 0.4 | 8.8 | 3.9 |
| 2. वानिकी तथा चिरान | 1.9 | 2.9 | 2.2 | 2.4 |
| 3. मात्सिकी | 2.7 | 3.2 | 5.4 | 1.8 |
| 4. खनन तथा खदान | 2.1 | 5.9 | 4.9 | -0.6 |
| 5. विनिर्माण | 4.3 | 11.3 | 9.7 | 2.7 |
| 6. विद्युत, गैस और जलापूर्ति | 4.6 | 6.2 | 5.2 | 6.5 |
| 7. निर्माण | 5.3 | 6.7 | 10.2 | 5.6 |
| 8. व्यापार, होटल तथा रेस्तरॉ | 5.7 | 7.9 | 11.5 | 6.2 |
| 9. रेलवे | 7.7 | 8.8 | 5.9 | 7.5 |
| 10. अन्य साधनों से परिवहन | 5.3 | 7.3 | 8.2 | 8.6 |
| 11. भंडारण | 14.1 | 19.3 | 2.2 | 9.4 |
| 12. संचार | 25.1 | 31.5 | 25.4 | 8.3 |
| 13. बैंकिंग तथा बीमा | 14.0 | 11.4 | 14.9 | 13.2 |
| 14. जमीन जायदाद, ओडी और बीएस | 10.4 | 8.3 | 6.0 | 10.3 |
| 15. लोक प्रशासन तथा रक्षा | 19.8 | 17.6 | 0.0 | 5.4 |
| 16. अन्य सेवाएं | 7.4 | 7.2 | 8.0 | 6.5 |
| **17. कुल जीडीपी** | **6.7** | **8.6** | **9.3** | **6.2** |

* ओडी और बीएस से तात्पर्य मकानों और कारोबारी सेवाओं का स्वामित्व से है ।

2.05 तालिका 3 हाल के वर्षों में अर्थव्यवस्था के ढांचे में आए बदलावों की जानकारी देती है । इस तालिका में इन्हें 2004-05 से जीडीपी की संरचना में बदलावों के रूप में दर्शाया गया है । 2004-05 में अर्थव्यवस्था में कृषि तथा सहायक क्षेत्रों का हिस्सा 19.0 प्रतिशत था जो 2011-12 में वर्तमान मूल्यों पर 17.5 प्रतिशत और स्थिर मूल्यों पर 14.1 प्रतिशत रह गया है । त्रैतीयक (सेवाएं) क्षेत्र का हिस्सा जो 2004-05 में 53.0 प्रतिशत था 2011-12 में बढ़कर वर्तमान मूल्यों पर 55.7 प्रतिशत और स्थिर मूल्यों पर 58.4 प्रतिशत हो गया है ।

## तालिका 3: प्रमुख क्षेत्रों के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद

| उद्योग | | वर्तमान मूल्यों पर %शेयर | | | स्थिर(2004-05) मूल्यों पर %शेयर | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2004-05 | 2010-11 | 2011-12 | 2010-11 | 2011-12 |
| 1 | कृषि, वानिकी तथा मात्सिकी | 19.0 | 18.0 | 17.5 | 14.5 | 14.1 |
| 2 | खनन, विनिर्माण, विद्युत और निर्माण | 28.0 | 27.6 | 26.7 | 28.2 | 27.5 |
| 3 | व्यापार, होटल तथा रेस्तरॉं, परिवहन, भंडारण तथा संचार, वित्तपोषण, बीमा, जमीन-जायदाद तथा करोबारी सेवाएं, सामुदायिक, सामाजिक तथा व्यक्तिगत सेवाएं | 53.0 | 54.4 | 55.7 | 57.3 | 58.4 |
| कुल | | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |

## सकल घरेलू उत्पाद

(वर्तमान मूल्यों पर प्रतिशत शेयर)




**2.06** *कृषि तथा पशुधन क्षेत्र का निष्पादन:* 2011-12 में कृषि उत्पादन के मूल्य में 4.1 प्रतिशत की और पशुधन उत्पादन में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। धान और गेहूँ के उत्पादन में 2011-12 में क्रमशः 8.7 और 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि 2010-11 में यह वृद्धि दर क्रमशः 7.7 और 7.5 प्रतिशत रही थी । लेकिन, खाद्यान्न उत्पादन में गिरावट आयी है, 2010-11 में यह उत्पादन 12.2 प्रतिशत था जबकि 2011-12 में यह 5.2 प्रतिशत रह गया है। 2004-05 से 2011-12 तक प्रतिफल मूल्य, चयनित निवेश मूल्य और चयनित फसलों के उत्पादन मूल्य के अनुमान तालिका 4 में दिये गये हैं ।

## तालिका 4: कृषि क्षेत्र का निष्पादन

| मद | 2004-05 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत परिवर्तन | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 2010-11 | 2011-12 |
| 1. प्रतिफल मूल्य (2004-05 मूल्यों पर करोड रु. | 638530 | 737009 | 742613 | 750794 | 815158 | 850639 | 8.6 | 4.4 |
| 1.1 कृषि | 458496 | 532555 | 524972 | 524119 | 576144 | 599864 | 9.9 | 4.1 |
| 1.2 पशुधन | 180034 | 204454 | 217641 | 226676 | 239014 | 250775 | 5.4 | 4.9 |
| 2. चयनित निवेश मूल्य (2004-05 मूल्यों पर करोड रु.में) | | | | | | | | |
| 2.1 रासायनिक उर्वरक | 23953 | 28451 | 31274 | 33665 | 35983 | 36400 | 6.9 | 1.2 |
| 2.2 डीजल तेल | 10428 | 11579 | 11413 | 12690 | 13953 | 15342 | 10.0 | 10.0 |
| 2.3 जैविक खाद | 9654 | 10224 | 10932 | 11264 | 11586 | 11888 | 2.9 | 2.6 |
| 2.4 पशुओं के लिए चारा | 87714 | 88530 | 89648 | 90355 | 93956 | 97824 | 4.0 | 4.1 |
| 2.5 बीज | 12537 | 14113 | 14113 | 13397 | 14257 | 14863 | 6.4 | 4.3 |
| 3. चयनित फसलो का उत्पादन (मिलियन टन में) | | | | | | | | |
| 3.1 खाद्यान्न | 198.36 | 230.78 | 234.46 | 218.10 | 244.77 | 257.44 | 12.2 | 5.2 |
| 3.1.1 धान | 83.13 | 96.69 | 99.18 | 89.09 | 95.98 | 104.3 | 7.7 | 8.7 |
| 3.1.2 गेहूँ | 68.64 | 78.57 | 80.68 | 80.80 | 86.87 | 93.9 | 7.5 | 8.1 |
| 3.1.3 मोटे अनाज | 33.46 | 40.76 | 40.03 | 33.55 | 43.68 | 42.0 | 30.2 | -3.8 |
| 3.1.4 दलहन | 13.13 | 14.76 | 14.57 | 14.66 | 18.24 | 17.2 | 24.4 | -5.6 |
| 3.2 तिलहन | 24.35 | 29.76 | 27.72 | 24.88 | 32.48 | 30.0 | 30.5 | -7.6 |
| 3.3 कपास* | 16.43 | 25.88 | 22.28 | 24.02 | 33.00 | 35.2 | 37.4 | 6.7 |
| 3.4 गन्ना | 237.09 | 348.19 | 285.03 | 292.30 | 342.38 | 357.7 | 17.1 | 4.5 |

* 170 कि.ग्रा. वाली मिलियन गांठें

**2.07** *गैर-कृषिगत वस्तु उत्पादन क्षेत्र का निष्पादन:* वर्ष के दौरान गैर-कृषिगत वस्तुओं के उत्पादन में अधिकांश मदों के मामले में\ पिछले वर्ष की तुलना में धनात्मक वृद्धि हुई है । लेकिन, खनन, वस्त्रों की बुनाई परिस्करण, परिधान, विद्युत उपकरण तथा अन्य विनिर्माण के सूचकांकों में 2010-11 के तुलना में 2011-12 के दौरान गिरावट नज़र आयी है । गैर-कृषिगत वस्तुओं के उत्पादन सूचकांक तालिका 5 में दिये गये हैं ।

## तालिका 5: गैर-कृषिगत वस्तुओं के उत्पादन के उद्योग-वार सूचकांक(आधार वर्ष 2004-05)

| उद्योग | एनआईसी-2004 कोड | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत परिवर्तन | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | 2010-11 | 2011-12 |
| खनन | 101-142 | 107.5 | 112.5 | 115.4 | 124.5 | 131.0 | 128.5 | 5.2 | -1.9 |
| मांस, मछली, फल, सब्जियां और तेल | 151 | 72.2 | 73.6 | 78.7 | 80.0 | 85.7 | 118.7 | 7.2 | 38.5 |
| डेयरी उत्पाद | 152 | 102.6 | 110.4 | 116.6 | 117.6 | 98.4 | 101.3 | -16.3 | 2.9 |
| अनाज मिल उत्पाद | 153 | 77.0 | 77.0 | 74.1 | 72.5 | 76.5 | 82.4 | 5.5 | 7.7 |
| अन्य खाद्य उत्पाद | 154 | 157.4 | 173.5 | 144.0 | 143.5 | 161.4 | 185.0 | 12.5 | 14.7 |
| पेय पदार्थ | 155 | 107.1 | 124.9 | 127.0 | 115.5 | 127.2 | 139.7 | 10.1 | 9.9 |
| तंबाकू उत्पाद | 16 | 156.6 | 158.9 | 165.8 | 164.8 | 168.1 | 177.1 | 2.0 | 5.4 |
| वस्त्रों की कताई, बुनाई और परिस्करण | 171+172+173 | 118.5 | 124.5 | 120.0 | 127.3 | 135.6 | 133.9 | 6.5 | -1.2 |
| परिधान | 181-18105 | 129.8 | 134.6 | 120.8 | 123.1 | 127.7 | 116.8 | 3.7 | -8.5 |
| चमड़े और फर के उत्पाद | 182+19 | 102.5 | 114.4 | 108.5 | 110.0 | 118.9 | 123.3 | 8.1 | 3.7 |
| काष्ठ और काष्ठ उत्पाद | 20 | 121.7 | 171.1 | 179.5 | 185.0 | 181.0 | 184.0 | -2.2 | 1.7 |
| कागज और मुद्रण आदि | 21+22 | 101.4 | 104.9 | 108.0 | 105.5 | 116.1 | 137.6 | 10.0 | 18.5 |
| रबड़, पेट्रोलियम उत्पाद आदि | 23+25 | 114.1 | 121.1 | 125.6 | 130.0 | 133.9 | 136.9 | 3.0 | 2.3 |
| रसायन और रासायनिक उत्पाद | 24 | 107.8 | 115.2 | 111.8 | 117.4 | 118.9 | 119.3 | 1.3 | 0.3 |
| अधातु उत्पाद | 26 | 123.1 | 131.2 | 135.5 | 146.0 | 152.0 | 159.2 | 4.1 | 4.8 |
| मूल धातुएं | 271+272+2731+2732 | 148.9 | 167.1 | 169.9 | 173.6 | 188.8 | 205.3 | 8.8 | 8.7 |
| धातु उत्पाद और मशीनरी | 28+29+30 | 124.1 | 140.4 | 133.7 | 151.3 | 185.6 | 186.5 | 22.7 | 0.5 |
| बिजली के उपकरण | 31+32 | 129.3 | 137.5 | 182.1 | 175.9 | 188.9 | 171.5 | 7.4 | -9.2 |
| अन्य विनिर्माण | 33+369 | 132.3 | 155.4 | 165.1 | 174.4 | 161.6 | 160.2 | -7.3 | -0.9 |
| परिवहन उपकरण | 34+35 | 126.7 | 130.7 | 123.9 | 160.0 | 205.0 | 227.8 | 28.1 | 11.1 |
| विनिर्माण | 151-372 | 126.8 | 150.1 | 153.8 | 161.3 | 175.7 | 181.0 | 8.9 | 3.0 |
| विद्युत | 401 | 112.8 | 120.0 | 123.3 | 130.8 | 138.0 | 149.3 | 5.5 | 8.2 |
| सामान्य | 10-40 | 122.6 | 141.7 | 145.2 | 152.9 | 165.5 | 170.3 | 8.2 | 2.9 |

**2.08** *सेवा क्षेत्र का निष्पादन:* तालिका 6 में कुछ प्रमुख संकेतक दिए गए हैं, जिनके माध्यम से पिछले पाँच वर्षों के दौरान वितरण, संचार और वित्त संबंधी सेवाओं का निष्पादन दर्शाया गया है । व्यापार से हुई समग्र आय, संचार और कुल जमा और ऋण के संकेतकों में 2011-12 के दौरान क्रमशः 0.7%, 12.4% और 5.5% की वृद्धि नज़र आई है ।

## तालिका 6: सेवा क्षेत्र में निष्पादन संबंधी प्रमुख संकेतक

| मद | सूचकांक (2004-05 = 100) | | | | | | प्रतिशत वृद्धि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | 2010-11 | 2011-12 |
| 1. व्यापार से सकल आय | 119.8 | 130.3 | 139.3 | 151.5 | 171.6 | 172.0 | 13.2 | 0.7 |
| 2. रेलवे | | | | | | | | |
| 2.1 यात्री नेट कि.मी. | 120.7 | 133.7 | 145.6 | 156.9 | 170.0 | 184.7 | 8.3 | 8.6 |
| 2.2 माल ढुलाई टन कि.मी. | 117.5 | 127.2 | 134.2 | 146.2 | 152.3 | 162.6 | 4.2 | 6.8 |
| 3. संचार-टेलीफोन कनेक्शन | 209.3 | 305.5 | 436.8 | 631.5 | 860.3 | 967.1 | 36.2 | 12.4 |
| 4. बड़े तथा छोटे बंदरगाहों पर माल ढुलाई | 124.6 | 139.4 | 142.9 | 163.2 | 170.0 | 175.1 | 4.2 | 3.0 |
| 5. वर्ष के अंत में वास्तविक रूप में कुल जमा और ऋण | 145.7 | 170.2 | 187.3 | 211.2 | 228.0 | 240.6 | 8.0 | 5.5 |

2.09 राष्ट्रीय लेखाओं से तैयार किए गए और प्रत्यक्ष तौर पर उपलब्ध मूल्य सूचकांक तालिका 7 में प्रस्तुत किए गये हैं । वर्ष 2011-12 के दौरान, सीधे तौर पर जुटाए गये मूल्य संबंधी आंकड़ों पर आधारित विभिन्न मूल्य सूचकांकों में वृद्धि दर का प्रतिशत 8.2 प्रतिशत से 8.9 प्रतिशत के बीच अलग-अलग रहा। इन मूल्य सूचकांको में बदलाव के अनुरूप, सकल घरेलू उत्पाद के वर्तमान और स्थिर मूल्य अनुमानों में अंतर्निहित मूल्य सूचकांक में 2011-12 मे 8.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

## तालिका 7: मूल्य सूचकांक (2004 05 = 100)

| मद | | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | वृद्धि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 |
| क राष्ट्रीय लेखाओं से तैयार ( अंतर्निहित) | | | | | | | | | |
| 1. | जीडीपी | 117.6 | 127.5 | 135.3 | 147.2 | 159.3 | 6.1 | 8.8 | 8.2 |
| 2. | पीएफसीई | 114.9 | 122.6 | 130.3 | 140.8 | 151.6 | 6.3 | 8.1 | 7.7 |
| 3. | जीएफसीई | 114.7 | 123.0 | 128.9 | 136.1 | 144.9 | 4.8 | 5.6 | 6.4 |
| 3.1 | निर्माण | 121.6 | 133.7 | 138.2 | 148.6 | 161.2 | 3.3 | 7.6 | 8.5 |
| 3.2 | मशीनरी तथा उपकरण | 109.2 | 113.1 | 116.8 | 120.1 | 125.2 | 3.3 | 2.8 | 4.2 |
| ख प्रत्यक्ष तौर पर उपलब्ध | | | | | | | | | |
| 4. | थोक मूल्य सूचकांक | 116.6 | 126.0 | 130.8 | 143.3 | 156.1 | 3.8 | 9.6 | 8.9 |
| 5. | उपभोक्ता मूल्य* | | | | | | | | |
| 5.1 | कृषि श्रमिक | 120.3 | 132.7 | 151.1 | 166.2 | 179.9 | 13.9 | 10.0 | 8.2 |
| 5.2 | औद्योगिक कामगार | 118.3 | 129.1 | 145.0 | 160.2 | 173.6 | 12.3 | 10.5 | 8.4 |

* उपलब्ध सूचकांकों का आधार वर्ष 2004-05 नहीं है, इन्हें समान्तर परिवर्तन के जरिये आधार वर्ष 2004-05 = 100 में बदला गया है ।

### उपभोग व्यय, बचत और पूंजी निर्माण

**2.10** कारक लागत पर जीडीपी में सब्सीडियों पर निवल प्रत्यक्ष करों को जोड़ कर बाजार मूल्यों पर जीडीपी का आकलन किया गया है । बाजार मूल्यों पर जीडीपी में वृद्धि की वार्षिक दर तालिका 8 में दी गई है ।

## तालिका 8: बाजार मूल्यों पर आकलित जीडीपी में पिछले वर्ष की तुलना मे बदलाव का प्रतिशत

| | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 |
|---|---|---|---|---|
| वर्तमान मूल्यों पर | 15.1 | 20.3 | 15.1 | 11.7 |
| 2004-05 मूल्यों पर | 8.5 | 10.5 | 6.3 | 3.3 |

**2.11** जीडीपी संबंधी व्यय के प्रमुख घटकों में अंतिम उपभोग व्यय और पूंजी निर्माण शामिल हैं जिनका आकलन बाजार मूल्यों पर किया गया है । इसलिये इन पहलुओं पर चर्चा केवल बाजार मूल्यों के आधार पर की गई है ।

### निजी अंतिम उपभोग व्यय

**2.12** नीचे दी गई तालिका 9 में घरेलू बाजार में निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) और वर्तमान तथा स्थिर मूल्यों पर प्रति व्यक्ति पीएफसीई तथा वर्ष 2005-06 से 2011-12 तक के लिए वर्ष दर वर्ष आधार पर वृद्धि दर दर्शायी गयी हैं । वर्तमान मूल्यों पर 2011-12 में पीएफसीई 50.8 लाख करोड़ रु. आंका गया है जबकि 2010-11 में यह 43.7 लाख करोड़ रु. था । स्थिर (2004-05) मूल्यों पर, 2011-12

में पीएफसीई 33.5 लाख करोड़ रु. आंका गया है, जबकि 2010-11 में यह 31.1 लाख करोड़ रु. था । वर्तमान मूल्यों पर 2011-12 में प्रति व्यक्ति पीएफसीई 42,278 रु. और स्थिर (2004-05) मूल्यों पर 27,881 रु. आंका गया है जबकि 2010-11 में यह क्रमशः 36,880 और 26,186 रु. था । विभिन्न मद समूहों के लिए वर्तमान तथा स्थिर मूल्यों पर निजी अंतिम उपभोग व्यय तालिका 10 में दर्शाए गए हैं । तालिका 10.1 में निजी अंतिम उपभोग व्यय के मद समूह वार शेयर तथा वृद्धि दर दर्शाये गये हैं। वर्तमान मूल्यों पर 2004-05 से 2011-12 में मद समूह के शेयर में बदलाव का प्रतिशत यह दर्शाता है कि उपभोग के पैटर्न में व्यवस्थित बदलाव आया है ।

## तालिका 9: घरेलू बाजार में निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई)

| वर्ष | वर्तमान मूल्यों पर | | स्थिर (2004-05) मूल्यों पर | | (2004-05) मूल्यों पर वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर का प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (करोड़ रु. में ) | प्रति व्यक्ति (रु. में) | कुल (करोड़ रु. में ) | प्रति व्यक्ति (रु. में) | कुल | प्रति व्यक्ति |
| 2004-05 | 1925592 | 17682 | 1925592 | 17682 | - | - |
| 2005-06 | 2159537 | 19526 | 2089852 | 18896 | 8.5 | 6.9 |
| 2006-07 | 2488688 | 22181 | 2270688 | 20238 | 8.7 | 7.1 |
| 2007-08 | 2850394 | 25047 | 2479686 | 21790 | 9.2 | 7.7 |
| 2008-09 | 3257945 | 28232 | 2656483 | 23020 | 7.1 | 5.6 |
| 2009-10 | 3721454 | 31807 | 2855920 | 24410 | 7.5 | 6.0 |
| 2010-11 | 4373962 | 36880 | 3105677 | 26186 | 8.7 | 7.3 |
| 2011-12 | 5081769 | 42278 | 3351265 | 27881 | 7.9 | 6.5 |

## तालिका 10: घरेलू बाजार में वस्तुओं और सेवाओं के प्रकार के अनुसार निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीईफसीई)

| मद समूह | वर्तमान मूल्यों पर | | | | स्थिर (2004-05) मूल्यों पर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2004-05 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 |
| खाद्य, पेय पदार्थ तथा तम्बाकू | 769500 | 1371888 | 1591412 | 1815809 | 933818 | 988997 | 1046228 |
| वस्त्र तथा जूते | 127829 | 266582 | 362166 | 379336 | 239205 | 287416 | 276219 |
| कुल किराया, ईंधन और बिजली | 266434 | 501495 | 585149 | 672661 | 329659 | 343432 | 364559 |
| फर्नीचर, साज-सज्जा, उपकरण और | 65174 | 148838 | 180361 | 199586 | 124673 | 145406 | 154393 |
| चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं | 95560 | 154872 | 170624 | 187922 | 137407 | 147876 | 157102 |
| परिवहन तथा संचार | 371800 | 625354 | 721821 | 864300 | 559187 | 615292 | 675369 |
| मनोरंजन, शिक्षा तथा सांस्कृतिक सेवाएं | 57213 | 104258 | 121886 | 141949 | 83972 | 93868 | 101496 |
| विविध वस्तुएं और सेवाएं | 172082 | 548167 | 640543 | 820206 | 447999 | 483390 | 575899 |
| **निजी अंतिम उपभोग व्यय** | **1925592** | **3721454** | **4373962** | **5081769** | **2855920** | **3105677** | **3351265** |

# तालिका 10.1: मद समूह-वार शेयर तथा वृद्धि दर

| मद समूह | वर्तमान मूल्यों पर प्रतिशत शेयर | | | | स्थिर (2004-05) मूल्यों पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत परिवर्तन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2004-05 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 |
| खाद्य, पेय पदार्थ तथा तम्बाकू | 40.0 | 36.9 | 36.4 | 35.7 | 0.4 | 5.9 | 5.8 |
| वस्त्र तथा जूते | 6.6 | 7.2 | 8.3 | 7.5 | 14.9 | 20.2 | -3.9 |
| कुल किराया, ईंधन और बिजली | 13.8 | 13.5 | 13.4 | 13.2 | 6.0 | 4.2 | 6.2 |
| फर्नीचर, साज-सज्जा, उपकरण और | 3.4 | 4.0 | 4.1 | 3.9 | 9.0 | 16.6 | 6.2 |
| चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं | 5.0 | 4.2 | 3.9 | 3.7 | 8.9 | 7.6 | 6.2 |
| परिवहन तथा संचार | 19.3 | 16.8 | 16.5 | 17.0 | 12.1 | 10.0 | 9.8 |
| मनोरंजन, शिक्षा तथा सांस्कृतिक सेवाएं | 3.0 | 2.8 | 2.8 | 2.8 | 4.0 | 11.8 | 8.1 |
| विविध वस्तुएं और सेवाएं | 8.9 | 14.7 | 14.6 | 16.1 | 15.7 | 7.9 | 19.1 |
| **निजी अंतिम उपभोग व्यय** | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 7.5 | 8.7 | 7.9 |

## वर्तमान मूल्यों पर घरेलू बाजार में निजी अंतिम उपभोग व्यय में उपभोग के विभिन्न मद समूहों का शेयर






## घरेलू बचत

**2.13** वर्तमान मूल्यों पर वर्ष 2004-05 से 2011-12 तक सकल घरेलू बचत (जीडीएस) के अनुमान तालिका 11 में दिये गये हैं । वर्तमान मूल्यों पर 2011-12 के दौरान जीडीएस 27.7 लाख करोड़ रु. रहने का अनुमान है जबकि 2010-11 में यह 26.5 लाख करोड़ रु. था, जो बाजार मूल्यों पर जीडीपी का 30.8 प्रतिशत है जबकि पिछले वर्ष यह जीडीपी का 34.0 प्रतिशत था । जीडीएस की दर में गिरावट का मुख्य कारण निम्नलिखित घटकों की वित्तीय बचत दर में गिरावट रहा है:

(i) पारिवारिक क्षेत्र की वित्तीय बचत की दर में 10.4 प्रतिशत से 8.0 प्रतिशत,
(ii) निजी कारपोरेट क्षेत्र 7.9 प्रतिशत से 7.2 प्रतिशत
(iii) सार्वजनिक क्षेत्र 2.6 प्रतिशत से 1.3 प्रतिशत

2011-12 में निवल घरेलू बचत 2010-11 के स्तर पर अर्थात 18.9 लाख करोड़ रु. ही रही। निवल घरेलू बचत 2010-11 में बाजार मूल्यों पर निवल घरेलू उत्पाद के 26.9 प्रतिशत के मुकाबले 2011-12 में 23.3 प्रतिशत रही।

### तालिका 11: घरेलू बचत

*(वर्तमान मूल्यों पर)*

*(रु. करोड़ में)*

| मद | | 2004-05 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | **सकल घरेलू बचत** | **1050703** | **1485909** | **1836332** | **1802620** | **2182338** | **2651934** | **2765291** |
| 1.1 | पारिवारिक क्षेत्र | 763685 | 994396 | 1118347 | 1330873 | 1630799 | 1832901 | 2003720 |
| 1.1.1 | वित्तीय बचतें | 327956 | 484256 | 580210 | 571026 | 774753 | 808334 | 719529 |
| 1.1.2 | भौतिक परिसम्पत्तियों के रूप मे बचतें | 435729 | 510140 | 538137 | 759846 | 856046 | 1024567 | 1284191 |
| 1.2 | निजी कारपोरेट क्षेत्र | 212519 | 338584 | 469023 | 417467 | 540955 | 619370 | 644473 |
| 1.2.1 | संयुक्त स्टॉक वाली कम्पनियां | 195910 | 317283 | 446187 | 393172 | 513782 | 587746 | 607481 |
| 1.2.2 | सहकारी बैंक और सोसाइटियां | 16609 | 21301 | 22836 | 24295 | 27174 | 31624 | 36992 |
| 1.3 | सार्वजनिक क्षेत्र | 74499 | 152929 | 248962 | 54280 | 10585 | 199662 | 117097 |
| **2.** | **निवल घरेलू बचत** | **730812** | **1067180** | **1351637** | **1237422** | **1522539** | **1889133** | **1888560** |
| 2.1 | पारिवारिक क्षेत्र | 652649 | 850501 | 954674 | 1134203 | 1398336 | 1557062 | 1684995 |
| 2.2 | निजी कारपोरेट क्षेत्र | 112669 | 195237 | 293128 | 211618 | 303897 | 338574 | 320305 |
| 2.3 | सार्वजनिक क्षेत्र | -34506 | 21442 | 103835 | -108399 | -179694 | -6503 | -116741 |
| **3.** | **निवल पूंजी अंतर्प्रवाह** | **13338** | **45524** | **64430** | **128760** | **180794** | **219715** | **376174** |
| **4.** | **सकल घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्यों पर)** | **3242209** | **4294706** | **4987090** | **5630063** | **6477827** | **7795314** | **8974947** |
| **5.** | **सकल बचत की दर (प्रतिशत)** | **32.4** | **34.6** | **36.8** | **32.0** | **33.7** | **34.0** | **30.8** |
| 5.1 | पारिवारिक क्षेत्र | 23.6 | 23.2 | 22.4 | 23.6 | 25.2 | 23.5 | 22.3 |
| 5.2 | निजी कारपोरेट क्षेत्र | 6.6 | 7.9 | 9.4 | 7.4 | 8.4 | 7.9 | 7.2 |
| 5.3 | सार्वजनिक क्षेत्र | 2.3 | 3.6 | 5.0 | 1.0 | 0.2 | 2.6 | 1.3 |

## संस्थागत क्षेत्र-वार सकल घरेलू बचत दर

(प्रतिशत)




### पूंजी निर्माण

**2.14** वर्तमान तथा स्थिर मूल्यों पर सकल पूंजी निर्माण के अनुमान दो दृष्टिकोणों-(i)कोषों का प्रवाह, सकल घरेलू बचत व विदेशों से निवल पूंजी प्रवाह के जोड़ से व्युत्पन्न; एवं (ii) परिसंपत्ति के प्रकार से व्युतपन्न वस्तु प्रवाह दृष्टिकोण से तालिका 12 में प्रस्तुत किए गए हैं । कोषों के प्रवाह से व्युत्पन्न सकल पूंजी निर्माण के अनुमान अधिक दृढ़ माने जाते हैं और दोनों दृष्टिकोणों से व्युत्पन्न अनुमानों के अंतर को तालिका 12 में "भूल चूक" से दर्शाया गया है।

